हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 13 अक्टूबर 2025

06 विरोध: पीएम फसल बीमा योजना अंतर्गत लागू..



07 विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवसः क्रिकेट मैच में 60 ...





## ‘थोड़ी सी असावधानी आर्थिक नुकसान का कारण बन सकती है’

# मां बगलामुखी मंदिर पर श्रद्धालुओं को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया









हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

साइबर जागरुकता माह अंतर्गत नागरिकों को साइबर सुरक्षा के लिए जागरूक करने के लिए नलखेड़ा पुलिस ऐसा कोई स्थान नहीं छोड़ रही है जहाँ समूह में नागरिक इकठ्ठा हो रहे हों, वहीं पहुंचकर उन्हें ऑनलाइन ठगी से बचने के लिए जागरूक किया जा रहा है। रविवार को थाना नलखेड़ा की उपनिरीक्षक आशा लकवाल एवं पुलिस टीम द्वारा मां बगलामुखी मंदिर परिसर में दर्शनार्थियों को साइबर अपराध एवं साइबर सुरक्षा के संबंध में जानकारी प्रदान की गई।

रविवार को मां बगलामुखी मंदिर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे थे। टीम द्वारा श्रद्धालुओं को बताया गया कि वर्तमान समय में साइबर अपराधी सोशल मीडिया, फेक लिंक, ईमेल, बैंक अधिकारी या लॉटरी एजेंट बनकर लोगों से ठगी करते हैं। ऐसे में किसी भी अज्ञात व्यक्ति के साथ ओटीपी, बैंक डिटेल, एटीएम पिन या व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें। श्रद्धालुओं को यह भी बताया गया कि किसी भी संदिग्ध कॉल या लिंक पर क्लिक करने से बचें और ऑनलाइन लेन-देन करते समय केवल सरकारी अथवा प्रमाणित वेबसाइट या एप का उपयोग करें। पुलिस टीम ने यह स्पष्ट किया कि थोड़ी सी असावधानी आर्थिक नुकसान का कारण बन सकती है, जबकि सतर्कता हमें साइबर अपराध से सुरक्षित रखती है। अभियान के दौरान नागरिकों से अपील की गई कि वे अपने परिवारजनों, मित्रों एवं सहकर्मियों को भी साइबर अपराधों से सतर्क रहने हेतु प्रेरित करें। किसी भी प्रकार की ऑनलाइन ठगी होने पर तत्काल राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें।

### ग्रामीण अंचल में भी सघन जनजागरुकता अभियान जारी

*पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह के निर्देशन में राष्ट्रीय साइबर जागरूकता माह के तहत शहरी क्षेत्र के साथ ग्रामीण अंचल में भी निरंतर साइबर जन-जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य नागरिकों को साइबर अपराधों के विभिन्न रूपों से अवगत कराना एवं डिजिटल सुरक्षा की भावना को जन-जन तक पहुंचाना है। अभियान के तहत शनिवार को थाना नलखेड़ा अंतर्गत सउनि आशा लकवाल व उनकी टीम द्वारा ग्राम सेमलखेड़ी, कड़िया, सुईगांव, लालूखेड़ी में भ्रमण कर ग्रामीणों, पेट्रोल पंप कर्मचारियों, खेत मजदूरों एवं राहगीरों को साइबर सुरक्षा के उपाय बताए गए। टीम ने समझाया कि यदि किसी प्रकार का साइबर फ्रॉड हो जाए तो तुरंत राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें या पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं।*

## खबर संक्षेप में

### स्पर्श मेला का तीन दिवसीय आयोजन 14 से

**नलखेड़ा।** कलेक्टर प्रीति यादव के निर्देशन में आगर मालवा में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा 14, 15 व 16 अक्टूबर को जिला मुख्यालय पर स्पर्श मेला आयोजित किया जा रहा है। मेले का उद्देश्य दिव्यांगजनों के उत्पादों और व्यवसाय को बढ़ावा देना और उन्हें प्रोत्साहित करना है। इस मेले में दिव्यांगजनों को अपने उत्पादों और व्यवसाय को प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। दिव्यांगजन जो किसी तरह का अपना व्यवसाय करते हैं और अपने उत्पादों का विक्रय करना चाहते हैं, वे अपना नाम, पता, मोबाइल नंबर और उत्पाद की जानकारी निलेश झासिया शाखा प्रभारी सामाजिक न्याय विभाग को देकर भाग ले सकते हैं।

### नगरीय निकाय एवं त्रि-स्तरीय पंचायतों की मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्य शुरू

**नलखेड़ा।** मध्य प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले की सभी नगरीय निकायों एवं त्रि-स्तरीय ग्राम पंचायतों में मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन के साथ 8 अक्टूबर से शुरू हो गया है। जिन मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं हैं वे बीएलओ को निर्धारित प्रारूप में आवेदन कर नाम जुड़वा सकते हैं। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 के अनुसार मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने एवं संशोधन के लिए मतदान केंद्रों पर दावा आपत्ति 17 अक्टूबर तक प्राप्त की जाएगी। प्राप्त दावा आपत्ति के निराकरण की अंतिम तिथि 27 अक्टूबर है। 13 नवंबर को मतदाता सूचियों का अंतिम रूप से प्रकाशन किया जाएगा। मतदाता सूचियां में नाम जोड़ने के साथ ही नाम हटाने, संशोधन के लिए भी दावे आपत्ति प्राप्त किए जाएंगे।

### आधार कार्ड बनाने और अपडेट कराने के निर्देश

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले के प्रस्तावित शासकीय एवं अशासकीय स्कूलों में विद्यार्थियों के आधार अपडेशन के लिए आधार विद्यालय के द्वार अभियान का द्वितीय चरण आयोजित किया जा रहा है। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को इस अभियान के तहत 10 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक प्रस्तावित शासकीय एवं अशासकीय स्कूलों में कैंप आधार अपडेशन कैंप लगाकर विद्यार्थियो के आधार कार्ड बनाने और आधार अपडेट कराने के निर्देश दिए है। इसके साथ ही उन्होंने बीईओ एवं बीआरसीसी को अपने कार्यालय में एक कंट्रोल रूम स्थापित करने तथा प्रभारी अधिकारी नियुक्त करके कैम्प स्थल से समन्वय कर प्रतिदिवस की रिपोर्ट संकलित कराने के भी निर्देश दिए हैं।

# कांग्रेस पार्टी द्वारा वोट चोर, गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित



**नलखेड़ा।** कांग्रेस पार्टी द्वारा देशभर में चलाए जा रहे वोट चोर, गद्दी छोड़ नामक हस्ताक्षर अभियान के तहत नगर में कार्यक्रम किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष कमल यादव ने बताया कि कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर रविवार को मां बगलामुखी मार्ग स्थित रेन बसेरा पर विधानसभा प्रभारी रणछोड़ त्रिवेदी की अध्यक्षता एवं सुसनेर विधायक भैरोसिंह परिहार बापू की उपस्थिति में आयोजित वोट चोर, गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान में ब्लॉक, शहर अध्यक्ष, विधायक प्रतिनिधि एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं सहित शामिल रहे। इस अभियान के माध्यम से जनता से लोकतंत्र की रक्षा करने के लिए बड़ी संख्या में भागीदारी करने का आह्वान किया गया। इस दौरान सुसनेर विधायक भैरू सिंह परिहार बापू, विधानसभा प्रभारी रणछोड़ त्रिवेदी, जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजयलक्ष्मी तवर, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष बंसीलाल पाटीदार, सेवादल जिला कांग्रेस अध्यक्ष देवकरण पाटीदार, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कमल यादव, शहर कांग्रेस अध्यक्ष वहीद भाई मेव, नगर परिषद के कांग्रेस पार्षदगण सहित कांग्रेस परिवार के कई वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।





### 5100 दीपों से जगमग होगा मनकामेश्वर महदेव मंदिर

**सीहोर।** हर साल की तरह इस साल भी दीपावली के पावन अवसर पर देश की मिट्टी के दीपों से पर्व मनाए जाने के लिए प्रजापति समाज के द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत आगामी 17 अक्टूबर को इस अभियान की शुरूआत की जाएगी। इसके अलावा शहर के एक दर्जन से अधिक मंदिरों में समाज के द्वारा 50-50 मिट्टी के दीपों को वितरण भी किया जाएगा। उक्त आयोजन स्वदेश अपनाओं के तहत किया जा रहा है। गत वर्ष 2018 से इस मिशन की शुरूआत प्रजापति समाज के अध्यक्ष विष्णु सम्राट प्रजापति और समाज के वरिष्ठजनों द्वारा की गई थी। इस मिशन से क्षेत्रवासियों के अलावा सभी समाज, संस्था और जनप्रतिनिधि जुडें है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मिशन माटी दीप के तहत दीपावली पर मिट्टी से बने दीपों का उपयोग और हिन्दुओं को जागृत करने के लिए प्रजापति समाज ने मनकामेश्वर मंदिर में 5100 दीपों को एक साथ प्रज्जवलित करेगा। आयोजन रात्रि सात से 9 बजे तक किया जाएगा। इसके लिए शहर के बस स्टैंड पर आयोजन समिति की एक बैठक का आयोजन किया गया था। इस मौके पर समिति के द्वारा निर्णय लिया गया है कि समाज के द्वारा लगातार आठ सालों से मिशन माटी दीप अभियान चलाया जा रहा है। पूर्व में कोरोना संक्रमण के दौरान सांकेतिक रूप से आयोजन किया गया था, लेकिन अब विगत कई सालों से आस्था और उत्साह के साथ अभियान चलाया जा रहा है। जिसका परिणाम दिखाई दे रहा है और इस मिशन से प्रभावित क्षेत्रवासी मिट्टी के दीप की खरीदी कर रहे हैं।

# नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने जलाशयों के जलस्तर को देखने किया भगवानपुरा-जमोनिया तालाब का निरीक्षण

## अल्प बारिश के चलते तालाबों में जल भराव कम होने से गर्मी में गहरा सकता है जलसंकट



**सीहोर।** मानसून की विदाई हो गई है और इस वर्ष कम बारिश को देखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने आगामी दिनों में जल संकट से उभरने के लिए रणनीति पर अमल करना शुरू कर दिया है। शनिवार को नपाध्यक्ष श्री राठौर ने इंजीनियर विजय कोली सहित नगर पालिका के अमले के साथ जिला मुख्यालय के समीपस्थ भगवानपुरा और जमोनिया डेम का निरीक्षण किया। इस मौके पर इंजीनियर कोली ने बताया कि कम बारिश के कारण पिछले वर्ष से बारिश कम दर्ज होने के कारण इसका असर डेम के जल स्तर पर हुआ है। उनके मुताबिक गत वर्ष भगवानपुरा डेम का जल स्तर 23 फीट के करीब था, लेकिन अब वर्तमान जल स्तर 21 फीट है और वहीं जमोनिया डेम का पिछले वर्ष 28 फीट के करीब था, लेकिन अब 23 फीट के करीब है। इसको देखते हुए पानी की चोरी आदि को रोकने का विशेष इंतजाम किया जाएगा। इसको लिए उन्होंने अमले को निर्देश दिए है कि टीम द्वारा डेम के पानी का मिसयुज नहीं हो। वहीं नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर ने पानी की बचत करने और व्यर्थ बहाव रोकने की भी सलाह दी, अल्प बारिश के कारण जलाशयों का जल स्तर घटता जा रहा है। पानी की समस्या का निदान करने के लिए और नियमित रूप से शहरवासियों को पानी की सप्लाई होती रहे इसके लिए नपाध्यक्ष राठौर की ओर से लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। शहरवासियों के लिए जीवनदायनी सीवन के गहरीकरण और सौंदर्यीकरण के कार्य किया गया था, इसके अलावा जर्जर पाइप लाइन को दुरुस्त करने के लिए पूर्व में करोड़ों रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। इस वर्ष अल्प वर्षा के चलते आगामी दिनों में जमुनिया जलाशय और काहिरी बंधान पर पर्याप्त जल भंडारण पर जोर दिया जाना आवश्यक है। शहर के जल स्तर को बनाए रखने के लिए जल प्रदाय व्यवस्था दुरुस्त बनाए रखने के मद्देनजर बंधान में पर्याप्त जल भंडारण की बात कही।

**गहरीकरण का असर सीवन नदी लबालब :** गर्मी के दिनों में नगर पालिका ने जल संवर्धन योजना के अंतर्गत सीवन नदी के गहरीकरण का कार्य करवाया था, इसका सार्थक असर देखने को मिल रहा है, सीवन नदी लबालब है और इस पानी के कारण क्षेत्रवासियों के बोर आदि रिचार्ज है और जल स्तर में वृद्धि हुई है। सीवन नदी के पानी की चोरी नहीं हो इसका भी इंतजाम किया जाना है।

### ईंटखेड़ा के युवक से दो हजार उधार लिए थे, विश्व हिंदू परिषद ने पुलिस को सौंपा ज्ञापन

**सीहोर।** जिले के बिलकिसगंज थाना क्षेत्र से दो नाबालिग लड़कियां 4 अक्टूबर को लापता हो गईं। परिजनों द्वारा पुलिस में शिकायत दर्ज कराने के बावजूद उनका कोई सुराग नहीं मिला है। इस मामले में आज (शनिवार) विश्व हिंदू परिषद के नेतृत्व में हिंदू संगठनों ने पुलिस को ज्ञापन सौंपकर त्वरित कार्रवाई की मांग की। जानकारी के अनुसार, बिलकिसगंज थाना क्षेत्र के ग्राम जामुन छापरी निवासी सपना कोरकू और प्रिया कोरकू 4 अक्टूबर को बिना बताए घर से चली गई थीं। परिजनों ने काफी तलाश के बाद 6 अक्टूबर को बिलकिसगंज थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस जांच में सामने आया है कि दोनों लड़कियां जाने से पहले ईंटखेड़ा के अरबाज नामक व्यक्ति से दो हजार रुपए उधार लेकर गई थीं। पुलिस अरबाज से पूछताछ कर रही है।

### नाबालिग को बहला फुसलाकर दुष्कर्म, फिर एक लाख में बेचने वाले दोषी को आजीवन कारावास

**सीहोर।** तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश स्मृता सिंह ठाकुर की अदालत ने नाबालिग बालिका को बहला फुसलाकर दुष्कर्म करने और फिर उसे एक लाख रुपये में बेचकर जबरन शादी कराने के अपराध में दोषी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। जिला अभियोजन अधिकारी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार



घटना जावर थाना क्षेत्र की है। पीड़ित बालिका के माता-पिता ने 9 जून 2021 को उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसके बाद बालिका को 23 जून 2021 को आरोपी भगवान सिंह गुर्जर के कब्जे से राजगढ़ से जब्त किया गया। पीड़िता ने अपने बयान में बताया कि प्रभु और लच्छू नाम के दो व्यक्ति उसे अच्छी जगह ऊंची जाति में शादी कराने का झांसा देकर मोटर साइकिल पर ले गए और उसके साथ बलात्कार किया। इसके बाद तीनों आरोपी प्रभु, लच्छू और रतनलाल ने मिलकर उसे राजगढ़ निवासी भगवान सिंह गुर्जर को एक लाख रुपये में बेचकर उसकी शादी करा दी। आरोपी भगवान सिंह गुर्जर, ग्राम सिमरोल राजगढ़ उसे जान से मारने की धमकी देकर रोज उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म करता था। अभियोजन पक्ष के तर्कों से सहमत होते हुए न्यायालय ने आरोपी भगवान सिंह गुर्जर को दोषी पाया। न्यायालय ने उसे पॉक्सो एक्ट एवं एससीएसटी एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत आजीवन कारावास और 1500 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

## दुकानें महंगी बिकने पर जताई चिंता

# पटाखा दुकानों की नीलामी, 61 हजार में बिकी एक नंबर दुकान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर



दीपावली त्योहार से पहले नगर पालिका परिसर में हुई पटाखा दुकानों की नीलामी ने इस बार रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। कुल 58 दुकानों के लिए लगाई गई बोली में दुकानदारों ने भारी भरकम राशि चुकाई है, जिससे लोगों ने चिंता जताई है कि इस बार ग्राहकों को पटाखे खरीदने के लिए अधिक कीमत चुकानी पड़ सकती है। नीलामी के दौरान दुकान नंबर एक की बोली 61 हजार रुपये तक पहुंच गई, जबकि दुकान नंबर दो 35 हजार रुपये में बिकी। इतनी ऊंची कीमतों पर दुकानें बिकने के बाद शहर के लोगों ने सोशल मीडिया पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए चिंता जताई है कि महंगी नीलामी के चलते पटाखों के दाम भी बढ़ जाएंगे। इस वर्ष ये 58 दुकानें बीएसआई ग्राउंड पर लगाई जाएंगी। विप्रजनों के अनुसार दीपावली का त्योहार 20 अक्टूबर को मनाया जाएगा।

**कलेक्टर ने दिए सुरक्षा के निर्देश:** इधर पटाखा दुकानों को लेकर कलेक्टर बालागुरू के. पहले ही कड़े निर्देश जारी कर चुके हैं। कलेक्टर ने जिले भर में अधिकारियों को दीपावली के लिए खुले स्थान का चयन करने, फायर ब्रिगेड और अग्निशमन यंत्र जैसे सभी सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने को कहा है।

## दिगंबर जैन समाज में चल रहे प्रवचन


# परस्पर जीवों पर उपकार करना भी धर्म है : मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

संसार में लौकिक इच्छा की पूर्ति के लिए मनुष्य पाप बुद्धि लगाकर निरंतर धन कमाने में लगा है, जिसके चलते संसार में परिभ्रमण चलता रहता है। अपने परिवार के साथ दूसरे जीवों के उपकार का भी हमें ध्यान रखना चाहिए। दान हमेशा पात्र को देना चाहिए। साधर्मी बंधु अगर अभावग्रस्त हो तो उनका सहयोग कर, उपकार करना चाहिए। लेकिन ऐसे दान में उसके स्वाभिमान का भी ध्यान हमें रखना चाहिए। जीवों को आपस में परोपकार करना चाहिए। परस्पर जीवों पर उपकार करना भी धर्म है।

दिगंबर जैन समाज में इस वर्ष चातुर्मास हेतु विराजित मुनि विवर्धन सागर महाराज व मुनि विश्व नायक महाराज ने अपने प्रवचन के दौरान यह बात कही गई। मुनिश्री ने कहाकि जहां जीव का परिभ्रमण होता रहता है, वहा संसार है। मनुष्य अपने पुत्र, स्त्री, कुटुंब आदि के निमित्त से निरंतर पाप बुद्धि से धन कमाता है। संसार में लौकिक इच्छा की पूर्ति के लिए पाप बुद्धि लगाकर निरंतर धन कमाने में लगा रहता है। जिससे संसार में उसका परिभ्रमण चलता रहता है। दया, धर्म, दान को भूलकर संसार में यह जीव लगा रहता है। आहार, औषधि, अभय, विद्या यह चार प्रकार के दान आगम में बताए हैं। मिथ्या दृष्टि जीव भी दान देता है लेकिन उस दान से वहां भोग भूमि में जन्म लेता है। मुनिश्री ने कहाकि प्राचीन काल में लोग शुद्ध भोजन ही करते थे। इसलिए कोई भी जीव मुनियों को आहार दे सकता था। तीर्थंकर नेमिनाथ जी की यक्षणी अंबिकापुरी गिरनार जूनागढ़ में ब्राह्मण की पत्नी पूर्व भव में थी। उसने भी मुनियों को आहार दान दिया था। आहार दान के प्रभाव से मरण के बाद यक्षणी देवी बन जाती है तथा देव गति को प्राप्त होती है।

उन्होंने कहा कि यह जीव कुटुंब जनों के लिए पाप पूर्वक धन अर्जित करता है जिससे दया, धर्म और दान भी भूल जाता है। दान की विशेष महिमा है। परस्पर जीवो पर उपकार करना भी धर्म है। जीवों को आपस में परोपकार करना चाहिए। भामाशाह जैन थे उन्होंने महाराणा प्रताप को कष्टों के समय सेना के संरक्षण के लिए अपना सारा धन वैभव सौंप दिया था। महाराणा प्रताप ने संकट के समय घास की रोटियां भी खाई। भामाशाह जैसे दानवीर के कारण संपूर्ण जैन समाज गौरांवित होता है। भामाशाह ने आगरा के ताजमहल की नीलामी के समय स्वंय ने खरीदा और पुनः राजा की प्रतिष्ठा के लिए ताजमहल वापस लौटा दिया।



मुनिश्री ने कहाकि हमें जनकल्याण एवं परोपकार के लिए अस्पताल तथा स्कूल की दिशा में भी दान देना चाहिए। दिल्ली में पक्षियों का अस्पताल चांदनी चौक में है जिसका संचालन जैन समाज करता है यहां गर्व की बात है। गौशाला और पशु की सेवा हेतु भी समाज अग्रणी रहता है। पशु पक्षी की सेवा के लिए हमारे मन में उपकार भावना होना चाहिए। उन्होंने कहाकि कई समाज बंधु पढ़ने वाले बच्चों को गोद लेकर उनकी शिक्षा की जिम्मेदारी उठते हैं ऐसी प्रशस्त व श्रेष्ठ भावना हमारी होना चाहिए। धर्म के साथ इस और भी हमें ध्यान देना चाहिए। संपूर्ण समाज देश हित में भी हमें विचार व मंथन करना चाहिए। मुनिश्री ने कहाकि कितने जन्मों से हम परिवार वालों के लिए पाप बुद्धि से धन कमा रहे हैं। संसार भावना यही कहती है कि हमें पर्याय दृष्टि से विमुख होना चाहिए। जिस पर्याय में हम जाते हैं उसी में लीन हो जाते हैं।

**खबर संक्षेप**

## पंचायत सेवन्याखुर्द में नमो देवास बाल वाटिका का हुआ निर्माण



**चापडा।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशानुसार जिले में नवाचार किए जा रहे हैं जिसके तहत जिला पंचायत सीईओ ज्योति शर्मा के मार्गदर्शन में जनपद पंचायत बागली अंतर्गत ग्राम पंचायत सेवन्याखुर्द में सराहनीय कार्य कर ग्राम पंचायत की सरपंच सीमा रामप्रसाद जाटव के नेतृत्व में ₹नमो देवास बाल वाटिका₹ का निर्माण कार्य कराया गया है। इस बाल वाटिका के निर्माण से ग्राम पंचायत में बच्चों के बीच अत्यधिक उत्साह और आनंद का वातावरण है। यहाँ बच्चों के लिए खेल, शिक्षा और प्रकृति के निकट सीखने के नए अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं।यह पहल न केवल बच्चों के समग्र विकास की दिशा में एक सशक्त कदम है, बल्कि पंचायत में स्वच्छ, सुंदर और शिक्षाप्रद वातावरण स्थापित करने की मिसाल भी है।

## पल्स पोलियो अभियान की हुई शुरुआत

**बागली।** शासन के आदेश अनुसार एवं ब्लाक मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर हेमंत पटेल के मार्गदर्शन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागली में पल्स पोलियो कार्यक्रम के अंतर्गत 0 से 5 वर्ष के बच्चों को स्वतंत्रता सेनानी परिवार गुरु सिंगल जोशी द्वारा बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विकासखंड बागली में इस अभियान के अंतर्गत बागली में 395 बूथ पर 34208बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी एवं पोलियो की खुराक खिलाने के लिए 790 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इस कार्यक्रम की मॉनिटरिंग के लिए 44 सुपरवाइजर एवं 7 ट्रांजैक्ट टीम का गठन किया गया है। इस अभियान में जीरो से 5 वर्ष के समस्त बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। 12 अक्टूबर रविवार को बूथ पर दवाई पिलाई गई।

### भारतीय किसान संघ का तीसरे दिन भी धरना प्रदर्शन रहा जारी

# विरोध: पीएम फसल बीमा योजना अंतर्गत लागू सेटेलाइट पद्धति का फूंका पुतला

### आलू ,लहसुन, प्याज ,गेहूं की बुवाई शुरू होने के बावजूद नहीं मिल रही 12 -32-16 एनपीके, यूरिया, डीएपी ,पोटाश खाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



भारतीय किसान संघ के बैनर तले एसडीएम कार्यालय के सामने धरने के तीसरे दिन बड़ी संख्या में किसान एकत्रित हुए और अपना धरना प्रदर्शन जारी रखते हुए विरोध प्रदर्शन किया। किसानो की मांग है कि क्षेत्र में यलो मोजैक, कीट व्याधि,अतिवृष्टि के कारण सोयाबीन की फसल में बागली,हाटपीपल्या, उदय नगर तहसीलों में काफी नुकसान हुआ है लेकिन राहत राशि के नाम पर नाम मात्र की राहत राशि जिले में आवंटित हुई है जिसके विरोध में भारतीय किसान संघ ने पूरे जिले में 10 अक्टूबर को सभी तहसीलों में तहसीलदारों को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया था। वही बागली विकासखंड में 10 अक्टूबर से किसान धरने पर बैठे हैं। रविवार दोपहर 3 बजे प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में सैटेलाइट पद्धति के विरोध में सैटेलाइट पद्धति का पुतला बागली नगर के इमली चौराहा, छत्रपति चौराहा, गांधी चौक, इनानी चौराहा से शव यात्रा के रूप में दहन स्थल पहुंचा । इसके बाद थाने चौराहे पर पूर्व मुख्यमंत्री स्व. कैलाश जोशी की प्रतिमा के सामने किसानों ने सेटेलाइट पद्धति का पुतला फूंक दिया।

भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष हुकुम चंद पटेल का कहना है कि पिछले वर्ष भी सोयाबीन एवं मक्का फसल खराब हुई थी जिसका प्रशासन ने सर्वे भी कराया लेकिन ना तो किसानों को राहत राशि मिली ना ही फसल बीमा का पूर्ण रूप से लाभ मिला। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा में सैटेलाइट पद्धति एवं फसल कटाई प्रयोग में काफी अंतर आ रहा है जिस कारण किसानों को फसल बीमा का लाभ नहीं मिल रहा है इसलिए भारतीय किसान संघ सेटेलाइट पद्धति का विरोध कर रहा है। देवास जिले में आलू ,लहसुन, प्याज ,गेहूं की बुवाई शुरू हो चुकी है लेकिन जिले में इफको कंपनी का 12 -32-16 एनपीके खाद अभी तक किसानों को नहीं मिला है ना है यूरिया, डीएपी ,पोटाश सोसाइटी में उपलब्ध है। इस कारण किसानों में काफी आक्रोश है।किसान बगैर खाद के बिना बोवनी करने को मजबूर है। 14 अक्टूबर को बागली में मुख्यमंत्री का कार्यक्रम प्रस्तावित है, शासन प्रशासन के लोग उसकी तैयारी में जुटे हैं लेकिन किसानों की किसी को परवाह नहीं है। जिस अन्नदाता की मेहनत से इन लोगों को अनाज मिलता है उन्ही किसानों को नजर अंदाज किया जा रहा है।






### इन्होंने दिया समर्थन

भारतीय किसान संघ के इस विरोध को राष्ट्रीय जाट महासभा देवास भारत के प्रदेश अध्यक्ष सुनील ठिगला, जिला अध्यक्ष दुर्गेश जाट, म प्र पाटीदार समाज संगठन जिला देवास जिला अध्यक्ष रुपचंद सुर्या द्वारा समर्थन दिया गया। वही नारायणी सेना के जिला अध्यक्ष एडवोकेट संदीप यादव, कपिल यादव, तहसील अध्यक्ष बागली दीपक यादव तहसील अध्यक्ष हाटपिपल्या, उदय नगर तहसील के पुंजापुरा के व्यापारियों ने आधा दिन अपने प्रतिष्ठान बंद कर किसानो की मांगों का समर्थन किया

# प्रिंसिपल ने पहली के छात्र को पाइप से पीटा, नहलाते समय मां को दिखी चोट

**परिजन बोले, पहाड़ा नहीं बताने पर की पिटाई**

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



पहली के एक छात्र को प्रिंसिपल ने पाइप से पीटा। परिजन का आरोप है कि पहाड़ा न सुनाने पर मैडम ने पिटाई की। रविवार सुबह जब मां जब बेटे को नहलाने गई तब उसे शरीर पर सूजन और चोट के निशान देखे। तब उसने परिजन को बताया कि प्रिंसिपल ने मारा था। घटना शनिवार को इटावा स्थित मदर्स लेप इंटरनेशनल स्कूल की है। परिजन ने बेटे को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। आरएमओ अजय पटेल ने पुष्टि की कि बच्चे की कमर के नीचे पाइप से मारने के निशान थे। बच्चे के पिता रूप सिंह सोलंकी ने बताया कि बेटे से स्कूल में दो का पहाड़ा पूछा गया था। सही जवाब न दे पाने पर प्रिंसिपल ठाकुर मैडम ने गुस्से में प्लास्टिक के पाइप से उसकी पिटाई कर दी। मारपीट के बाद बेटे को रात में बुखार आ गया था, लेकिन डर के कारण उसने घर पर कुछ नहीं बताया।इधर, मामले में मदर्स लेप इंटरनेशनल स्कूल की संचालक शशिकला ठाकुर ने बताया कि किसी टीचर द्वारा कोई मारपीट नहीं की गई है। कहा कि छुट्टी के समय शायद बच्चे आपस में लड़े होंगे। संचालक का कहना है कि एक चांटा मारने पर भी छोटे बच्चे घर जाकर बोलते है कि टीचर ने मारा है। अभिभावकों को ऐसा लगा है कि टीचर ने मारा है। गलतफहमी में यह सब परेशानी आई है। यदि टीचर द्वारा मारपीट की गई है तो मैं माफी चाहती हूं। दो वर्ष से बच्चा यहां पढ़ रहा है आगे से ध्यान रखेंगे। परिजनों ने प्रिंसिपल के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए 181(सीएम हेल्प लाइन) पर शिकायत दर्ज कराई है। इस घटना के बाद आस पास के लोगों ने भी मांग की कि ऐसे शिक्षकों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# मुक्तिधाम सौंदर्यीकरण हेतु सोनकर ने विधायक निधि की घोषणा की



हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

नगर के वरिष्ठ समाजसेवी सोमेश्वर चावड़ा, रमेश,कैलाश,पप्पू चावड़ा की माता, मंडल अध्यक्ष अनिल चावड़ा की दादी गोदावरी बाई चावड़ा का शनिवार को स्वर्गवास हो गया जिस पर क्षेत्रीय विधायक डॉ. राजेश सोनकर को सूचना मिलने पर वे भौरासा पहुंचे और उनकी शव यात्रा में सम्मिलित हुए। मुक्ति धाम पहुंचने के बाद सार्वजनिक रूप से 2 मिनिट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की ओर परिवारजनों को ढांढस बंधवाया व परमपिता परमात्मा से कामना की गई कि स्व. पवित्र आत्मा के लिए श्रीजी चरण प्राप्त हो। कार्यक्रम के अंत में पंच लकड़ी अर्पित की गई।नगर के मुक्ति धाम के सौंदर्यीकरण हेतु विधायक डॉ. सोनकर द्वारा चावड़ा की स्मृति में विधायक निधि से 1 लाख रुपए की घोषणा की गई। इस अवसर पर विधानसभा प्रभारी महेश पाटीदार, मंडल अध्यक्ष विजेंद्र सिंह मनासा, ग्रामीण हरेंद्रसिंह पिलवानी, टोंकखुर्द जितेंद्र मंडलोई, नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी, उपाध्यक्ष जयसिंह राणा, जमनालाल माली, प्रेमचंद्र सेठी अग्रवाल, प्रमोद पालीवाल आदि ने अंतिम यात्रा में सम्मिलित होकर श्रद्धांजलि अर्पित की।


# ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति में कौन पड़ेगा भारी, प्रदेश संगठन या पूर्व मंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा









कांग्रेस पार्टी में संगठन सृजन अभियान के तहत जिलाध्यक्ष की नियुक्ति के बाद अब ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति होना है और इसके लिए पार्टी ने जिला कांग्रेस अध्यक्षों को फ्री-हैंड दिया है। जिलाध्यक्ष अब ब्लॉक अध्यक्ष बनाएंगे। प्रदेश कांग्रेस ने ब्लॉक अध्यक्ष की नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करने के लिए 40 दिन का वक्त दिया गया है। अध्यक्ष के चयन में जिलाध्यक्ष को जातीय और स्थानीय समीकरणों को ध्यान में रखते हुए नाम चुनने होंगे। प्रदेश कांग्रेस के निर्देश पर से जिलाध्यक्ष मनीष चौधरी ने जिले के सभी ब्लॉकों के अध्यक्ष पद के दावेदारों से आवेदन पत्र मांगे है। इसके बाद टोंकखुर्द और चौबारा धीरा के कई दावेदारों ने ब्लॉक अध्यक्ष बनने के लिए आवेदन दिए है। टोंकखुर्द ब्लॉक अध्यक्ष से श्याम भंडारी,नितेश धाकड़, ओम जैन पाडल्या ,कृपाल मकवाणा ,दामोदर पटेल,जगदीश पटेल, जसमत पेंटर,मोहन पटेल,विष्णु सुनानिया,जगपाल सिंह और चौबारा धीरा ब्लॉक से फूलसिंह गुर्जर,गणेश पाटीदार,विजय पाल सिंह ने आवेदन दिए हैं और ये सभी नेता अपने-अपने राजनीतिक आकाओ के समर्थन के माध्यम से ब्लॉक अध्यक्ष बनना चाहते है।

अब यदि जातीय समीकरण के आधार पर दोनों ब्लॉकों की बात करे तो टोंक खुर्द ब्लॉक खाती बहुल है और चौबारा धीरा गुर्जर बहुल है। टोंक खुर्द ब्लॉक में पूर्व में पार्टी ने राजपूत,धाकड़,खाती समाज के व्यक्ति को मौका दिया था लेकिन अभी तक पार्टी ने अहीर,सेंधव,बलाई,चमार , कुल्मी समाज के व्यक्ति को मौका नहीं दिया है और चौबारा में पार्टी ने पूर्व में ब्राह्मण समाज को मौका दिया था लेकिन गुर्जर, कुल्मी ,राजपूत,सेंधव समाज के व्यक्ति को मौका नहीं दिया हैं।एक बात तो स्पष्ट है कि सज्जन वर्मा को आगामी विधानसभा चुनाव लड़ना है और अध्यक्ष भी वही व्यक्ति बनेगा जिसे सज्जन वर्मा चाहेंगे।अब आगे देखना यह है कि ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति में प्रदेश संगठन के अनुसार जिलाध्यक्ष की चलेगी या फिर चुनावी समीकरण को देखते हुए सज्जन वर्मा की।

# अभिभाषक संघ देवास के प्लेटिनम जुबली समारोह में पहुंचे सुप्रीम कोर्ट व हाईकोर्ट के न्यायाधीश



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

विधि का व्यवसाय ही एकमात्र ऐसा व्यवसाय है, जिसमें अधिवक्ता कभी भी सेवानिवृत्त नहीं होता है, बल्कि वह उम्र के अंतिम पड़ाव तक वकालत कर पीड़ित पक्ष को न्याय दिलाने की क्षमता रखता है। यहां पर हमने जिन वरिष्ठ अधिवक्ताओं का सम्मान किया है, वे नए वकीलों के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। उनके अनुभव का लाभ युवा वकीलों को लेना चाहिए। यह मेरे लिए खुशी की बात है कि जिस चैम्बर बिल्डिंग का मैंने भूमिपूजन किया था, आज उसी का लोकार्पण करने का भी अवसर मुझे प्राप्त हुआ है।

उक्त उद्गार देवास अभिभाषक संघ द्वारा आयोजित प्लेटिनम जुबली के भव्य समारोह में सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधिपति जे.के. माहेश्वरी ने शनिवार को व्यक्त किये। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधिपति संजीव सचदेवा, हाईकोर्ट इंदौर के न्यायाधीश विवेक रुसिया, न्यायमूर्ति जयकुमार पिल्लई, रजिस्ट्रार जनरल हाईकोर्ट इंदौर धरमिंदर सिंह व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय प्रकाश मिश्र उपस्थित थे। स्वागत भाषण अध्यक्ष अशोक वर्मा ने देते हुए सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि आज हमारे बीच इतनी महान हस्तियां उपस्थित होकर हमारा संबल बढ़ा रही है। इसके बाद अतिथियों द्वारा वरिष्ठ अधिवक्ता स्व. नारायण दास मूंदड़ा के नाम से निर्मित चैम्बर बिल्डिंग का वर्चुअल लोकार्पण किया गया। वहीं इस अवसर पर उन 17 वरिष्ठ अधिवक्ताओं का शाल, श्रीफल व प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मान किया गया, जिन्हें विधि व्यवसाय में 50 वर्ष पूर्ण हो चुके है। कार्यक्रम का संचालन सचिव अतुल पंड्या ने किया एवं आभार वरिष्ठ अधिवक्ता जयंत बिपट ने माना। अतिथि परिचय रघुवीर यार्दी, दीपक नाईक, अभिषेक तिवारी, गरिमा श्रीवास्तव आदि ने दिया।

### पोलियो की दवा पिलाकर किया पल्स पोलियो अभियान का शुभारम्भ

**देवास।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.सरोजनी जेम्स बेक ने बताया कि रविवार को जिला स्तर एवं ब्लॉक स्तर पर जनप्रतिनिधियों ने बच्चो को पोलियो कि दवा पिलाकर पल्स पोलियो अभियान का शुभारम्भ किया। जनप्रतिनिधियों ने पोलियो बुथ पर पंहुचकर नन्हे बच्चो को दो बूंद पोलियो कि दवा पिलाकर अभियान का शुभारम्भ किया। शहरी क्षेत्र देवास जिला चिकित्सालय देवास में महापौर गीता अग्रवाल, राजेश यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने बच्चो को पोलियो की दवा पिलाई। जिले के सभी नागरिक तीन दिवसीय अभियान में शतप्रतिशत बच्चो को पोलियो कि दो बून्द दवा अवश्य पिलाये।

### गार्डन का नामकरण हुआ शिव शक्ति उद्यान, पौधारोपण कर किया सौंदर्यीकरण का शुभारंभ

# मां शिव शक्ति सेवा मंडल ने संभाला वाटर वर्क्स गार्डन का जिम्मा






हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शहर के विकास में जब सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाएं आगे आती हैं, तो नगर का सौंदर्य और गति दोनों बढ़ जाते हैं। इसी कड़ी में माँ शिव शक्ति सेवा मंडल (रजि.) देवास ने एक सराहनीय पहल करते हुए नगर पालिका निगम देवास को मेंढकी स्थित वाटर वर्क्स गार्डन के सौंदर्यीकरण एवं रख-रखाव हेतु आवेदन प्रस्तुत किया था।नगर पालिका निगम ने मंडल की इस पहल को सराहते हुए गार्डन के सौंदर्यीकरण एवं रख-रखाव की आधिकारिक अनुमति मंडल को प्रदान की है। सौंदर्यीकरण कार्य की शुरुआत मंडल द्वारा पौधारोपण कर की गई, जिसमें सदस्यों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प भी लिया। इसके साथ ही मंडल ने गार्डन का नाम "शिव शक्ति उद्यान" रखा गया। कार्यक्रम के उपरांत स्नेहभोज का आयोजन किया गया।मंडल की यह पहल निश्चित रूप से नगरवासियों के लिए प्रेरणादायी है और सामाजिक भागीदारी के माध्यम से शहर के सौंदर्यीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। कार्यक्रम में महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव खंडेलवाल, भाजपा जिला महामंत्री राजेश यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष महेश चौहान, प्रेस क्लब अध्यक्ष ललित शर्मा, पूर्व प्रेस क्लब अध्यक्ष अनिल सिकरवार, विधायक प्रतिनिधि भारत चौधरी, तरुण मेहता, प्रशांत विजयवर्गीय, अजय अग्रवाल, मनीष जैन के साथ पत्रकार साथीगण एवं मंडल के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य के साथ क्षेत्र के गणमान्य रहवासी उपस्थित रहे।

# नेशनल हाईवे मार्ग पर स्थित गड्ढों के कारण परेशान वाहन चालक

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

इंदौर बैतूल नेशनल हाईवे मार्ग इन दिनों गड्ढों में तब्दील होता दिखाई दे रहा है। जिम्मेदारों की लापरवाही के कारण मार्ग पर जगह-जगह गड्ढे होने के कारण मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालक आए दिन हादसे का शिकार हो रहे हैं। जानकारी अनुसार चापडा, अमरपुरा ,मातमोर ,मोखाप्पिल्या में कई हिस्सों में रोड पूरी तरह गड्ढो में तब्दील हो चुका है। जहां पर आए दिन छोटे वाहन चालक हादसे का शिकार हो रहे हैं। उक्त मार्ग पर बड़ी संख्या में वाहनों का आवागमन रहता है। बारिश के दिनों में हुए गड्ढों को अभी तक रिपेयर नहीं किया गया है। ग्राम अमरपुरा के मदनलाल यादव ने बताया कि उनके घर के सामने मार्ग पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं जिस कारण आए दिन छोटे वाहन चालक हादसे का शिकार हो रहे हैं। साथ ही धूल के कारण भी आमजन परेशान है। इसी प्रकार ग्राम मोखाप्पिल्या के सरपंच जितेंद्र सिंह दरबार में बताया कि नदी के एक तरफ का हिस्सा गड्ढों में तब्दील हो चुका है, जहां पर धूल उड़ने से आमजन परेशान है। साथ ही वाहन चालक भी परेशान होते हैं। मातमोर में भी मंदिर के पास सड़क पूरी तरह गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। आमजनता ने मार्ग कि रिपेयरिंग की मांग की है।

## खबर संक्षेप

### पीएम ने किया दलहन आत्म निर्भरता मिशन का शुभांरभ

**विदिशा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पीएम धन धान्य कृषि योजना और दलहन आत्म निर्भरता मिशन का शुभांरभ किया। कृषि अवसंरचना कोष, पशुपालन, मत्स्यपालन और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र की 1100 से अधिक परियोजनाओं व 42 हजार करोड़ रुपए से अधिक की कृषि परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम का विदिशा जिले में भी सीधा देखने सुनने का प्रबंध किया गया। विदिशा कृषि उपज मंडी प्रागंण में आयोजित कार्यक्रम में विधायक मुकेश टंडन, अनाज तिलहन व्यापार संघ के अध्यक्ष राधेश्याम माहेश्वरी सहित अन्य गणमान्य नागरिकों के साथ-साथ किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के उप संचालक केएस खपेडिया, सहायक संचालक महेन्द्र ठाकुर, मंडी सचिव नीलकमल वैद्य सहित अन्य व्यापारी, हम्माल व तुलावटों के साथ-साथ किसान समेत मंडी के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

### एसडीएम ने किसानों की समस्याएं सुनी और सुलझाई

**विदिशा।** विदिशा तहसील की पीपलखेड़ा सहकारिता समिति में किसानों के लिए हो रही दिक्कतों का निदान विदिशा एसडीएम क्षितिज शर्मा ने समिति में पहुंचकर क्षेत्र के सरपंच, किसान व अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ समस्याओं पर चर्चा के बाद समाधान कराया। किसानों की समस्याओं का निराकरण व पोर्टल संबंधी कार्रवाई से विस्तारपूर्वक अवगत कराया गया है। इस अवसर पर नायब तहसीलदार व समिति प्रबंधक और कॉ-आपरेटिव बैंक के जीएम भी मौजूद रहे।

### गर्ल्स कॉलेज में युवा उत्सव का आयोजन किया गया

**विदिशा ।** गर्ल्स कॉलेज में युवा उत्सव शुरू हुआ। तीन दिवसीय कार्यक्रम के पहले दिन साहित्यिक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें वक्तृत्व, वाद-विवाद और प्रश्नमंच शामिल थे। प्राचार्य डॉ. बीडी अहिरवार ने बताया कि यह उत्सव विद्यार्थियों को कॉलेज, जिला, विश्वविद्यालय और राज्य स्तर तक अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच प्रदान करता है।

### भारत माता पर अभद्र टिप्पणी करने वाले पर एनएसए कार्रवाई

**विदिशा।** थाना मुरवास पुलिस ने भारत माता के विरुद्ध सोशल मीडिया फेसबुक पर अभद्र टिप्पणी करने वाले आरोपी असद खान जिलानी निवासी खुदारामपुर को राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर केंद्रीय जेल भोपाल भेजा गया है। आरोपी द्वारा 3 अक्टूबर को भारत माता के प्रति आपत्तिजनक टिप्पणी किए जाने पर थाना सिरोंज में प्रकरण दर्ज किया गया था। विवेचना के दौरान आरोपी के कृत्य को समाज एवं राष्ट्र की एकता, शांति और सौहार्द के लिए गंभीर खतरा मानते हुए यह कठोर कार्रवाई की गई। एसपी रोहित काशवानी के निर्देश एवं एएसपी डॉ. प्रशांत चौबे तथा एसडीओपी गंजबासौदा शिखा भलावी के मार्गदर्शन में गठित टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर एनएसए की कार्रवाई की।

---

बुवि सेना की आम बैठक में आत्महत्याओं पर गहरी चिंता जताई

# किसानों की बदहाली के लिए कौन जिम्मेदार 2-3 रोजाना कर रहे आत्महत्याः टीटू कपूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



बुवि सेना की आम बैठक प्रमुख हरीश कपूर टीटू की अध्यक्षता में आहूत की गई। बैठक में ललितपुर जिले में बढ़ती हुई आत्महत्याओं पर गहरी चिंता व्यक्त की गई। हरीश कपूर टीटू ने कहा कि दशकों से कभी सूखा कभी बाढ़ की विभीषिका झेलने वाला प्रदेश का सबसे पिछड़ा भूभाग ललितपुर जिले ने किसानों और आम नागरिकों की आत्महत्याओं के मामले में संभवतः प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर लिया है । उन्होंने कहा कि औसतन 2-3 लोग प्रतिदिन आत्महत्या कर रहे हैं ।इसके लिए कौन जिम्मेदार है- क्या किसानों की बदहाली, फसलों की बर्बादी , सरकारों की उपेक्षा, पुलिस और प्रशासन की लापरवाही, बेरोजगारी , मौसम की मार आदि । बु. वि. सेना प्रमुख टीटू कपूर ने कहा कि हमारा ललितपुर जिला प्रदेश मुख्यालय लखनऊ से सुदूर दक्षिणी छोर पर बसा हुआ है तथा भौगोलिक रूप से यह केवल उप्र के केवल झांसी जिले से जुड़ा हुआ है । यह ललितपुर जिला तीन तरफ से मप्र से जुड़ा हुआ है । इस कारण उत्तर प्रदेश सरकार की ओर आने वाली विभिन्न योजनाओं का पैसा आते-आते खत्म हो जाता है । जबकि केन्द्र सरकार और राज्य सरकारें किसानों के हितों को लेकर बड़े-

### किसानों की बदहाली के बारे में पता चलता है

ललितपुर के किसानों की असली दशा जानने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में जाने पर किसानों की बदहाली के बारे में पता चलता है । कर्ज करके जैसे-तैसे बुआई करने के बाद जब किसान सही फसल का इंतजार करता है तो कभी अतिवृष्टि , ओलावृष्टि तो कभी सूखे के कारण नष्ट होती फसलें देखकर किसान अपने को लाचार देखकर मौत को गले लगा लेते है और किसान फसल बीमा योजनाओं का दम्भ भरने वाली सरकारें स्वयं की पीठ थपथपा कर वाहवाही लूटती है जबकि उन गरीब किसानों का फसल बीमा क्लेम टोलफ्री नं पर 72 घंटे में फसल नष्ट होने की सूचना तथा राजस्व कर्मचारियों की रिपोर्ट जैसी पेंचीदगियों की भेंट चढ़ जाता है।

### जागरूकता अभियान चला कर जनजागरण करें

उन्होंने कहा कि कोई गरीब या किसान किसी भी मामले में अपनी शिकायत लेकर पुलिस या राजस्व अधिकारियों के समक्ष जाता है तो उसके साथ सहानुभूति का रवैया अपनाया जाये तो काफी हद तक संवेदनशील गरीबों और किसानों को आत्महत्या करने से बचाया जा सकता है। इसके लिए बु. वि. सेना प्रमुख हरीश कपूर ने सलाह दी है कि पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारी समय समय पर काउंसिलिंग शिविर और लोगों को जागरूकता अभियान चला कर जनजागरण करें। बैठक में बु. वि. सेना के वरिष्ठ सदस्य राजमल जैन बरया, कदीर खां, रामप्रकाश झा,अमर सिंह बुंदेला, खुशाल बरार, फूलचंद रजक,रामेश्वर प्रसाद , संजू राजा, खेमचंद कुशवाहा , भैयन कुशवाहा , नन्दराम कुशवाहा, प्रदीप साहू , मनोहर कुशवाहा , भजन लाल , आकाश , बलराम बाल्मीकि , पंचम , अमित जैन , गफूर खान, मनोज सैनी आदि उपस्थित रह1

---

देर रात तक गूगल मीटिंग की

# त्योहारों को लेकर एसपी ने अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



त्योहारों के मद्देनजर शनिवार की देर रात पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने जिले के सभी पुलिस अधिकारियों, थाना- शाखा व चौकी प्रभारियों से अपराध व कानून व्यवस्था को लेकर जूम मीटिंग कर निर्देश दिये। धनतेरस, दीपावली व गोवद्र्धन पूजन को लेकर खास तैयारियों को दुरुस्त रखे जाने के साथ ही जनसमस्याओं के समयबद्ध निस्तारण के लिए भी कहा गया। एसपी ने कहा कि लूट, डकैती, नकबजनी के जो भी अपराधी जमानत पर हैं, उन पर नजर रखते हुये उनका भौतिक सत्यापन करें। एसपी ने त्यौहारों के मद्देनजर सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि वह अपने-अपने थाना क्षेत्र में भौतिक सत्यापन कर लें कि जनपद के किसी भी थाना क्षेत्र में अवैध पटाखा फैक्ट्री, भण्डारण आदि का संचालन न किया जाये। यदि किसी थाना क्षेत्र में इस प्रकार की सूचना पायी जाती है तो संबंधित को विरूद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। निर्देशित किया कि अपने-अपने थाना क्षेत्र में पटाखा निर्माण, बेचने वाले का भौतिक सत्यापन कर लें कि इनके पास निर्धारित मानकों के अनुसार

### मिशन शक्ति फेज-5.0 पर की बात

साथ ही मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान का सफल क्रियान्वयन तथा महिला सुरक्षा जागरुकता बढ़ाने को कहा। शराब की दुकानों को निर्धारित समय में खुलने व बंद होने पर भी नजर रखने के निर्देश दिये। इसके अलावा सभी सीओ, थाना-चौकी प्रभारियों व विवेचकों को लम्बित विवेचनाओं का गुणदोष के आधार पर शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिये। एसपी ने त्योहार के दृष्टिगत भीड़-भाड़ वाले स्थानों, सर्राफा बाजार में व्यापारियों के आवागमन वाले रास्तों पर पुलिस पेट्रोलिंग/पिकेट के लगाने के निर्देश दिये। साथ ही थाना व यातायात प्रभारी को निर्देश दिये कि यातायात नियमों का विशेष रूप से पालन करायें और चैकिंग में बिना हेल्मेट, शराब पीकर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करें।

---

पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर दर्ज की एफआईआर

# घटवार में दबंगों ने सगे भाइयों को जमकर पीटा ट्रैक्टर व मोटरसाइकिल तोड़ने का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



शनिवार को अपराह्न कृषि कार्य कर रहे किसान को गांव के कुछ लोगों ने एकराय होकर गालियां दीं और विरोध करने पर लाठी-डण्डों से हमला कर दिया। इस घटना के दौरान दो पक्षों में लाठी-डण्डे भी चल गये, जिसके बाद सोशल मीडिया पर मारपीट का वीडियो भी तेजी से वायरल हो गया। कोतवाली पुलिसने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। निकटवर्ती ग्राम घटवार में रहने वाली रामा पत्नी स्व.हजारी ने बताया कि शनिवार को अपराह्न करीब 3.30 बजे उसके पुत्र जानकी, लक्ष्मन व हरकिशन अपने खेत पर कृषि कार्य कर रहे थे। तभी गांव के आनन्द, हेमन्त पुत्रगण हरप्रसाद, जयराम-हरप्रसाद व राजा पुत्रगण बाबूलाल, बृजेन्द्र पुत्र दयाराम एकराय होकर आये और किसी बात को लेकर गालियां देने लगे। गालियां देने से जब उनके पुत्र ने मना किया तो उक्त लोगों ने लात-घूसों व लाठी-डण्डों से मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी। शोरगुल सुनकर बीच-बचाव करने पहुंची तो उसे भी मारपीट करते हुये बाल पकड़कर उसे जमीन पर गिरा दिया। आरोप है कि हेमन्त, दयाराम, राजा आनन्द ने उसके साथ मारपीट की। हमले के दौरान जानकी के सिर में व दोनों लड़कों के शरीर में गंभीर चोटें आयीं हैं। यह भी आरोप है कि उक्त लोगों ने ट्रैक्टर व मोटर साइकिल भी तोड़ दी। पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी।

---

ट्रेनों में चोरी की घटनाओं में तेजी से हो रहा इजाफा

# बैग, पर्स व मोबाइल फोन चोरी, दो दिन में हुई तीन एफआईआर, जीआरपी मामलों की विवेचना में जुटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

लम्बी दूरी तय करने वाली ट्रेनों में चोरी की घटनाओं में तेजी से इजाफा हो रहा है। दो दिन में दर्ज हुयी तीन एफआईआर में यात्रियों ने पर्स, बैग और मोबाइल फोन्स इत्यादि चोरी होने की घटनाओं को दर्शाया है। वहीं दूसरी ओर जीआरपी ने मामलों को दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। महाराष्ट्र राज्य के थाना धुणे अन्तर्गत ग्राम फागने में रहने वाले राजेन्द्र अहीरे पुत्र हिलाल ने बताया कि बीती 28 अगस्त 2025 को वह अंबाला से चालीसगांव की यात्रा ट्रेन संख्या 11058 पठानकोट एक्सप्रेस के कोच संख्या ए-1 की बर्थ संख्या 11 व 17 पर अपनी पत्नी रूपाली के साथ कर रहा था। रूपाली ने अपना लेडीज पर्स सीट नं. 11 पर रखकर सो गयी। 26 तारीख को जब ट्रेन ललितपुर स्टेशन से चली तो उसकी पत्नी का लेडीज पर्स सीट पर नहीं था, जिसे अज्ञात चोर उठाकर ले गया। पर्स में स्वम लिव सर्टिफिकेट, कैंटीन लिक्विड कार्ड व एक हजार रुपये नकदी के अलावा कॉस्मेटिक का सामान था। जीआरपी पुलिस ने राजेन्द्र अहीरे की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है।

### पातालकोट एक्सप्रेस से पिट्ठू बैग चोरी

मध्य प्रदेश के जिला रीवा अन्तर्गत ग्राम पुष्पराज नगर निपनिया रीव सिविल लाइन निवासी शान्तनु त्रिपाठी पुत्र सतीश कुमार ने जीआरपी पुलिस को बताया कि 20 सितम्बर को ट्रेन संख्या 20424 पातालकोट एक्सप्रेस के पीछे वाले जनरल कोच में ग्वालियर से भोपाल की यात्रा कर रहा था। उसने अपना पिट्ठू बैग ऊपर वाली रैक पर रख दिया। ललितपुर स्टेशन से ट्रेन चली तो एक अज्ञात व्यक्ति ने उसका पिट्ठू बैग उठाकर चलती ट्रेन से कूद गया। उसके पिट्ठू बैग में इस्तमाली कपड़े, मोबाइल चार्जर, टिकिट व एक हजार रुपये, मोबाइल फोन था, कुल कीमत आठ हजार रुपये थी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 (सी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### दक्षिण एक्सप्रेस से मोबाइल फोन चोरी

हरियाणा राज्य के रोहतक जिला अंतर्गत थाना संपाला के म.नं. 310, 2 किस्रांति निवासी अंकितसिंह पुत्र पवन सिंह ने जीआरपी पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 19 सितम्बर को वह ट्रेन संख्या 12722 दक्षिण एक्सप्रेस के जनरल कोच में हजरत निजामुद्दीन से भोपाल की यात्रा कर रहा था। यात्रा के दौरान उसने अपना मोबाइल फोन जो कि 18 हजार रुपये कीमत का था, चार्जिंग प्वाइंट पर लगाकर सो गया, जब उसकी नींद खुली तो ट्रेन ललितपुर रेलवे स्टेशन पर खड़ी थी। उसने देखा कि चार्जिंग प्वाइंट पर लगा उसका फोन गायब था। उसने कोच में काफी खोजबीन की, लेकिन फोन नहीं मिला। जीआरपी पुलिस ने अंकित सिंह की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 (सी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

---

पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

# जमीन पर विवाद को लेकर हदबंदी व पत्थर गड्डी होने के बाद कब्जे का आरोप लगाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

थाना पूराकलां क्षेत्रांतर्गत ग्राम नत्थीखेड़ा निवासी प्रकाश लोधी पुत्र विन्द्रावन ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है।

प्रकाश ने पुलिस को बताया कि उसकी गांव में कृषियुक्त जमीन है, जिसका गाटा संख्या 2770/2 कुल रकवा 0.599 हे. है। इस जमीन पर वह पूर्व से खेती करता आ रहा है। बताया कि जमीन की हद को लेकर उसका पूर्व से विवाद चला आ रहा है। पीड़ित ने बताया कि उसने नियमानुसार अपनी जमीन की माप करवा कर उप जिलाधिकारी के आदेश, क्षेत्रीय लेखपाल व कानूनगो की उपस्थिति में 23 मई 2022 को हरबंदी व 30 मई 2025 को पत्थर गड्डी की गयी थी, जो कि न्यायालय के आदेश अनुसार प्रभावी तरीके से पुष्ट हो गयी।

हदबंदी, पत्थरगड्डी व लेखपाल की आख्या भी पेश की गयी है। बावजूद इसके गांव के मनोहर पुत्र सीताराम, नितिन उर्फ जीतू पुत्र घनश्याम यादव ने तीन माह पहले पत्थरगड्डी की हुयी जमीन पर पत्थर उखाड़कर फेंक दिया और जमीन पर कब्जा कर लिया। जबरन कब्जा करने व पत्थर गड्डी फेंकने का उलाहना देने पर उसके साथ गालियां देते हुये मारपीट की गयी और जान से मारने की धमकी दी गयी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### बाइक की टक्कर से महिला घायल

ललितपुर। राजघाट रोड स्थित ग्राम सिलगन में रहने वाले वृंदावन पुत्र सुम्मे ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि बीती 10 अक्टूबर को शाम करीब साढ़े छह बजे उसकी पत्नी भानकुंवर जो कि भैंस चराकर वापस आ रही थी। तभी उसके मकान के सामने स्प्लेण्डर मोटर साइकिल संख्या एम.पी.36 एम.टी. 9997 के चालक ने तेजी व लापरवाही से गाड़ी चलाते हुये उसे जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसकी पत्नी घायल हो गयी। घटना को अंजाम देकर बाइक चालक भी मौके से भाग गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर बीएनएस की धारा 281 व 125 (ए) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

---

प्रौढ़ साक्षरता शिक्षार्थियों के बीच खेलकूद का किया गया आयोजन

# विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवसः क्रिक्रेट मैच में 60 वर्ष की दादी के बल्ले ने उगले रन

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



बड़वार गांव में आयोजन क्रिकेट मैच के अलावा दौड़ तथा अन्य मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिनका उद्देश्य शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के महत्व को समुदाय में प्रसारित करना और बुजुर्गों एवं युवाओं को एक साथ सक्रिय जीवनशैली के लिए प्रेरित करना। कार्यक्रम में 15 वर्ष से अधिक उम्र के महिला एवं पुरुष लर्नर्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं 60 वर्ष की दादी, जिन्होंने पहली बार बैट और बॉल से क्रिकेट खेलकर सभी का मन मोह लिया। इस पहल ने न केवल प्रतिभागियों के चेहरे पर मुस्कान लाई, बल्कि यह संदेश भी दिया कि सीखने और सक्रिय रहने की कोई आयु नहीं होती। इस दरमियान कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु ग्राम प्रधान, ग्राम प्रधान सचिव, स्थानीय विद्यालय के सरकारी स्कूल के प्रधानाचार्य का सफल आगमन रहा। ग्राम वासियों ने इस आयोजन की काफी सराहना करते हुए पुनः इस तरीके के कार्यक्रम की संस्था से उम्मीद जताई, ताकि गांव में साक्षरता के साथ-साथ खेल स्वास्थ्य पर भी चर्चा हो और लोग इस तरह इन मुद्दों से जुड़े रहे।

---

रवींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय व आइसेक्ट के संयुक्त तत्वावधान में पुस्तक यात्रा निकाली

# पुस्तकों का महत्व विषय पर सारगर्भित परिचर्चा हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

रवीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय एवं आइसेक्ट के संयुक्त तत्वावधान में नगर में भव्य पुस्तक यात्रा निकाली गई। इस यात्रा को विधायक मुकेश टंडन तथा प्रदेश प्रवक्ता मंजरी जैन ने विवेकानंद चौराहे से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

पुस्तक यात्रा का रथ नीमताल गांधी स्मारक से होता हुआ जब उत्कृष्ट विद्यालय पहुंचा, तो विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने उसका उत्साहपूर्वक स्वागत किया। इसके पश्चात विद्यालय परिसर में पुस्तकों का महत्व विषय पर एक सारगर्भित परिचर्चा आयोजित की गई। मुख्य अतिथि मंजरी जैन तथा नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश शर्मा तथा इतिहासकार गोविन्द देवलिया एवं वनमाली सृजन केंद्र के कवि बृज श्रीवास्तव ने अपने विचार व्यक्त किए। मंजरी जैन ने अपने वक्तव्य में कहा कि एआई के इस दौर में पुस्तकों को घर में सहेजकर रखना और उन्हें पढ़ना अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित चित्रकला, निबंध, साहित्य एवं विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं के विजेता विद्यार्थियों को मॉमेंटो एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। पुरस्कार वितरण इतिहासकार गोविंद देवलिया, वीके जैन, प्राचार्य के सिंह एवं अन्य अतिथियों द्वारा किया गया। सभी अतिथियों ने भी संबोधन दिया।



**विदिशा।** परिचर्चा में बड़ी संख्या में नगर के वरिष्ठजन शामिल हुए।

■ पुस्तकों को सहेजकर रखना और पढ़ना अत्यंत आवश्यक।

इस अवसर पर आइसेक्ट के संचालक शिवेंद्र सिंह राजपूत और पूरी टीम का सम्मान कर उनका उत्साहवर्धन भी किया गया। कार्यक्रम में कृत्रिम बुद्धिमत्ता विषयक पुस्तक का लोकार्पण भी संपन्न हुआ। कार्यक्रम का सफल संचालन जिला प्रभारी संतोष उपाध्याय ने किया। इस पुस्तक यात्रा के आयोजन में विभिन्न शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं साहित्यप्रेमियों का सक्रिय सहयोग रहा।

---

# एसएटीआई कॉलेज में 3 दिवसीय आइडिएशन वर्कशॉप का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

सम्राट अशोक अभियांत्रिकी संस्थान एसएटीआई में शनिवार को तीन दिवसीय आइडिएशन वर्कशॉप' का उद्घाटन किया गया। यह कार्यशाला अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद एआईसीटीई आइडिया लैब और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग के संयुक्त प्रयास से आयोजित की जा रही है।

कार्यशाला का मुख्य विषय सेमीकंडक्टर डिवाइस मॉडलिंग, सिमुलेशन और नैनो-इलेक्ट्रॉनिक्स है। विशेषज्ञ वक्ता डॉ. वरुण मिश्रा, सहायक प्राध्यापक एमआईटीएस, ग्वालियर ने छात्रों को सेमीकंडक्टर डिवाइस के डिजाइन, मॉडलिंग, सिमुलेशन और नवीन तकनीकी शोध के बारे में जानकारी दी।

■ सेमीकंडक्टर क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर हैं।

डॉ. वाईके जैन, डायरेक्टर ने छात्रों को भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। उद्घाटन सत्र में डॉ. आशुतोष दातार, डॉ. पंकज अग्रवाल, डॉ. स्वीटी जैन और प्रो. नीरज धाकड़ उपस्थित रहे। डॉ. दातार ने बताया कि सेमीकंडक्टर क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर हैं, जबकि डॉ. अग्रवाल ने कार्यशालाओं को भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण बताया। कार्यशाला 11 से 13 अक्टूबर तक चलेगी।

### संगोष्ठी आयोजित

**गंजबासौदा।** विश्व दृष्टि दिवस सेवा सप्ताह के दौरान मिल रोड स्थित सतगुरु विज़न सेंटर पर स्वर्गीय नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान द्वारा एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक डॉ प्रवीण कुमार जगा विशेष रूप से उपस्थित हुए और उन्होंने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि बासौदा में लगातार नेत्र शिविरो का आयोजन किया जा रहा है जो कि सराहनीय और अनुकरणीय उदाहरण है। इस अवसर पर स्वर्गीय श्री नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाज सेवी सुनील बाबू पिंगले ने बताया कि विश्व दृष्टि दिवस के माध्यम से सर्वप्रथम लायंस क्लब इंटरनेशनल के द्वारा सन 2000 में किया गया जो कि इस वर्ष शानदार 25 वर्ष में प्रवेश कर गया है। उन्होंने कहा कि दृष्टि है तो सृष्टि है।

उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग की बेंच ने फरियादी के पक्ष में सुनाया फैसला

# बच्ची को हाईडोज लिखने वाले डॉक्टर पर 1 लाख 32 हजार रु. का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

एक दो वर्षीय बच्ची को बुखार आने पर एक चिकित्सक द्वारा उसे पेरासिटामॉल सिरप की हाईडोज लिख दी गई। हाईडोज दवाई के सेवन से बच्ची के लीवर में काफी इन्फेक्शन हो गया। बच्ची की हालत इतनी बिगड़ गई कि परिजन उसे झालावाड़, कोटा, दिल्ली के अस्पतालों में इलाज के लिए ले गए तब कहीं जाकर वो ठीक हो पाई।

एडवोकेट आबिद हुसैन ने बताया कि संबंधित बालिका के पिता ने चिकित्सकीय लापरवाही से हुई आर्थिक क्षति के संबंध में जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग का दरवाजा खटखटाया। इलाज में व्यय हुई कुल 3 लाख रुपए राशि के लिए वाद प्रस्तुत करते हुए आवश्यक दस्तावेज जमा करवाए। इस आधार पर आयोग अध्यक्ष सुरेश चौबे, सदस्य सीमा सक्सेना, सुरेंद्र सक्सेना द्वारा उक्त डॉक्टर को बालिका के पिता को 1 लाख 32 हजार 801 अदा करने का आदेश पारित किया है।



### क्या है पूरा मामला

जानकारी के अनुसार कल्पिता पुत्री सुरेश दांगी निवासी ग्राम लखोनी के बीमार होने पर पिता सुरेश दांगी द्वारा 9 नवंबर 2022 को चिकित्सक डॉ. गगन सिंह परिहार को उनके घर पर दिखाया। परिहार द्वारा कल्पिता को 500 एमजी पेरासिटामॉल सिरप दिन में तीन बार देने पर्चे में लिखा। जब यह दवाई कल्पिता को दी गई तो उसकी तबीयत और ज्यादा बिगड़ गई और लीवर में काफी इन्फेक्शन हो गया।

### झालावाड़ से दिल्ली तक चला बच्ची का इलाज

बच्ची की हालत बिगड़ने पर परिजन उसे पहले झालावाड़, कोटा, दिल्ली के अस्पतालों में ले गए। बालिका बाद में ठीक तो हो गई परन्तु विभिन्न अस्पतालों में कल्पिता के पिता को करीब हजारों रुपए खर्च करने पड़े। पिता दांगी द्वारा डॉ. परिहार से उक्त खर्चा मांगा गया लेकिन उनके द्वारा नहीं दिया गया। इसके उपरान्त उन्होंने उपभोक्ता आयोग का दरवाजा खटखटाया। काफी दिनों तक आयोग में चले प्रकरण उपरान्त बैच ने हाईडोज लिखने वाले डॉ. गगन परिहार को 1 लाख 32 हजार 800 रुपए परिवादी को देने का आदेश जारी किया है। दो माह की अवधि में राशि न देने की स्थिति में भुगतान दिनांक तक 7 प्रतिशत वार्षिक ब्याज के साथ उक्त राशि देना होगा।

### एकपक्षीय पारित किया गया है यह निर्णय

एडवोकेट हुसैन ने बताया कि आयोग में प्रकरण प्रस्तुत होने के उपरान्त संबंधित चिकित्सक को पंजीकृत डाक से सूचना पत्र भी जारी किया गया जिसकी तामीली 17.3.2023 को हुई। परन्तु विपक्षी इस आयोग के समक्ष उपस्थित नहीं हुआ। इस वजह से उनके विरुद्ध एकपक्षीय सुनवाई की गई।

37.50 लाख की लागत से बनेगा नवीन पंचायत भवन

# बैलास में मंत्री पंवार ने किया भूमि पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा



ग्राम बैलास में शनिवार को मंत्री नारायण सिंह पंवार ने 37 लाख 50 हजार रुपए की लागत से निर्मित होने वाले नवीन पंचायत भवन का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर मंत्री पंवार ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में आज देश और प्रदेश में अभूतपूर्व विकास कार्य हो रहे हैं।

"सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास" के संकल्प के साथ सरकार गांव-गांव तक विकास की रोशनी पहुंचा रही है। मंत्री पंवार ने कहा कि ग्राम पंचायतें ग्रामीण विकास की सबसे महत्वपूर्ण इकाई हैं। पंचायत भवन न केवल प्रशासनिक कार्यों का केंद्र होगा, बल्कि यह ग्रामवासियों के लिए योजनाओं की जानकारी, बैठकों और सामाजिक आयोजनों का प्रमुख स्थल भी बनेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, स्वच्छ भारत मिशन और आत्मनिर्भर भारत जैसे अभियान गांवों को आत्मनिर्भर और सशक्त बना रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के नेतृत्व में प्रदेश में ग्रामोदय से भारत उदय का सपना साकार हो रहा है। 'हर गांव में विकास, हर घर में सुविधा और हर युवा के हाथ में रोजगार' यह सरकार की प्राथमिकता है। मंत्री पंवार ने ग्रामीणों से आग्रह किया कि वे शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लें और अपने गांव को स्वच्छ, शिक्षित और आत्मनिर्भर बनाने में सहयोग करें। अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर मंत्री पंवार ने ग्राम की प्रतिभाशाली एवं होनहार बालिकाओं का सम्मान कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि बालिका केवल परिवार की नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र की भी शक्ति है। जब बेटी आगे बढ़ती है, तो पूरा देश प्रगति करता है।



## वार्ड क्रमांक 10 के पार्षद ने सीएमओ को सौंपा ज्ञापन

**कुरावर।** शुक्रवार को नगर के वार्ड क्रमांक 10 के दर्जनों वार्डवासियों ने नप कार्यालय पहुंचकर सीएमओ को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में मांग की गई की वार्ड में सीसी निर्माण के बाद नालियों का निर्माण नहीं हुआ है और इन नालियों का गंदे पानी का हमारे पेयजल स्त्रोतों में मिल रहा है। शीघ्र इस समस्याओं के हल किए जाने को लेकर स्थानीय लोगों ने नगर के मुख्य नगर परिषद अधिकारी लीलाधर सेन को ज्ञापन देकर शीघ्र समस्त हल करने के लिए कहा। वहीं नप अधिकारी ने भी समस्याओ को शीघ्र हल करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर पार्षद राजेश मीणा सहित स्थानीय वार्डवासी मौजूद रहे।

## पीएम धन - धान्य कृषि योजना एवं दलहन आत्मनिर्भरता मिशन का हुआ शुभारंभ



**कुरावर।** शनिवार सुबह 11 बजे कृषि उपज मंडी प्रांगण में स्थित केसरी नंदन हनुमान मंदिर परिसर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सीधे प्रसारण के माध्यम से संपूर्ण देश में किसान भाई बहनों को 42000 करोड़ की कृषि परियोजनाओं का उपहार देते हुए पीएम धन-धान्य कृषि योजना, दलहन आत्मनिर्भरता मिशन के योजना का शुभारंभ करते हुए कृषि अव संरचना, पशुपालन, मत्स्य पालन, खाद्य प्रसंस्करण ओर 1100 से अधिक परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि किसान भाई बहनों को खेती का लाभ का धंधा बने ऐसी योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है कार्यक्रम को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी संबोधित करते हुए केंद्र की कृषि योजनाओं के बारे में बताया। कार्यक्रम में विशेष रूप से मंडी सचिव राम प्रसाद राज, भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉक्टर दिनेश मंडलोई, महामंत्री लखन राजपूत, मंडल उपाध्यक्ष मुरारी मीणा, हिरदेश चंद्रवंशी, सुरेश गोयल, मनोहर प्रजापति, राकेश मीना, कैलाश मीना, व्यापारी संघ के अध्यक्ष पवन अग्रवाल राकेश माहेश्वरी, शैलेंद्र बंसल, कृष्ण मोहन गोयल आदि सैकड़ों किसान बंधु उपस्थित थे।

डॉक्टरों सहित दवा विक्रेताओं के यहां की जा रही चेकिंग

# दवा निर्माण से हमारा कोई संबंध ही नहीं फिर हम पर कार्रवाई क्यों ?

जिले के दवा विक्रेताओं ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर रखी अपनी मांगें



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

प्रदेश के छिंदवाड़ा एवं बैतूल जिलों में जहरीले कफ सिरप पीने से हुई अनेक मासूम बच्चों की मौत के बाद शासन, प्रशासन द्वारा झोलाछाप डॉक्टरों सहित दवा विक्रेताओं के यहां चेकिंग सहित अन्य कार्यवाहियां की जा रही हैं। इसी संबंध में जिला केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन ने कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा को एक ज्ञापन सौंपते हुए उक्त कार्यवाहियों को अनुचित बताते हुए ज्ञापन सौंपकर अपनी आपत्ति दर्ज करवाई है।

दवा विक्रेता संघ अध्यक्ष दीपक गुप्ता, सचिव गिर्राज गुप्ता जिले के अन्य पदाधिकारियों द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख है कि दिवंगत बच्चों के प्रति उनकी गहरी संवेदनाएं हैं परन्तु उक्त घटना औषधी निर्माण स्तर पर हुई गंभीर त्रुटियों का परिणाम है, जिसका दवा विक्रेताओं से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष संबंध नहीं है। एसोसिएशन पदाधिकारियों के अनुसार दवा विक्रेता केवल अधिकृत निर्माता या वितरक से विधिवत बिल लेकर दवाईयां क्रय करते हुए डॉक्टर के प्रिस्क्रिपशन के आधार पर सीलबंद दवाएं विक्रय करते हैं। कोई भी दवा विक्रेता न तो औषधी निर्माण प्रक्रिया में शामिल होता है और न ही औषधी की गुणवत्ता में उनकी कोई भूमिका होती है। ऐसे में दवा विक्रेताओं पर किसी भी तरह की कार्यवाही से उनके औषधी व्यवसाय की गरिमा को ठेस पहुंचती है और अनुचित कार्यवाहियों से असंतोष उत्पन्न होता है।

### दवा विक्रेताओं ने कलेक्टर से रखी यह मांगें

सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख है कि जब तक किसी दवा विक्रेता की प्रत्यक्ष लापरवाही सिद्ध न हो तब तक उनके विरुद्ध कोई कार्यवाही न की जाए। प्रत्येक दवा विक्रेता को अपना पक्ष रखने का अवसर दिया जाए। इसके साथ ही दोष निर्धारण केवल दवा निर्माता एवं नियंत्रण प्राधिकरण की जांच रिपोर्ट के आधार पर किया जाए। ऐसे संतुलित निर्णयों से न केवल दवा विक्रेता व्यवसाय में पारदर्शिता रहेगी साथ ही उनका मनोबल भी सुदृढ़ रहेगा।

अंबेडकर पार्क में प्रदेश स्तरीय धरना दिया

## भोपाल में आयोजित धरने में शामिल हुए जिले के पेंशनर्स



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

प्रगतिशील पेंशनर्स वेलफेयर संगठन के बैनर तले गत दिवस राजधानी भोपाल के अंबेडकर पार्क में प्रदेश स्तरीय धरना आंदोलन आयोजित हुआ। इस धरने में राजगढ़ से भी अनेकों पेंशनर्स शामिल हुए और मुख्यमंत्री के सम्मुख प्रमुखता से पेंशनरों की मांगें रखीं।

संगठन पदाधिकारी राजेंद्र जोशी, पीयूष शर्मा, जगदीश गौड़, स्वयं प्रकाश शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री के नाम सौंपे गए ज्ञापन में पूर्व से लंबित मांगों के साथ ही पेंशनर की मृत्यु उपरान्त सवा लाख की राशि परिवार को प्रदान करने, पेंशनर्स के बेरोजगार बच्चों व कम वेतन पर कार्य करने वालों को पीले राशन कार्ड जारी करने, 30 जून एवं 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त कर्मचारियों को एक वेतनवद्धि का लाभ देने सहित अन्य मांगें रखी गईं। इस अवसर पर ओमप्रकाश गुप्ता, मोहन सोनी, सत्यनारायण शर्मा, मदनलाल भगत, जमुना प्रसाद दावा, राजेंद्र खत्री, घनश्याम बामनगया, नाथूलाल जाटव सहित अन्य पेंशनर्स उपस्थित रहे।

# कैंट थाना क्षेत्र से लापता नाबालिग बालक को पुलिस ने दो दिन में खोजकर परिजन को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के दिशा निर्देशन में गुना पुलिस द्वारा जिले में नाबालिग बालक-बालिकाओं के अपहरण अथवा गुम होने संबंधी प्रकरणों को संवेदनशीलता से लेकर इन अपराधों में तत्परता से कार्यवाहियां कर अपहत बालक, बालिकाओं को आये दिन खोज निकालकर उनके परिजनों से मिलाया जा रहा है।

इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन एवं सीएसपी गुना प्रियंका मिश्रा के पर्यवेक्षण में कैंट थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव और उनकी टीम द्वारा थाना क्षेत्र से एक नाबालिग बालक के गुम होने के मामले में तत्परता से कार्यवाही करते हुए महज दो दिन में ही बालक को सकुशल दस्तयाब का उसके परिजनों से मिला दिया है। 8 अक्टूबर को केंट थाने पर एक पिता की ओर से अपने 15 वर्षीय नाबालिग बेटे के 7 अक्टूबर के दोपहर में घर से बिना बताए कहीं चले जाने की रिपोर्ट की गई थी, जिस पर से कैंट थाने में अपराध क्रमांक 916/25 धारा 137(2) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर पुलिस ने गुम बालक की तलाश शुरु की और इस हेतु अपना मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया साथ ही विभिन्न तकनीकि संसाधनों की मदद लेकर संकलित जानकारी के आधार पर सभी संभावित जगहों पर बालक को खोजने के सघन प्रयास किये गये। जिसके परिणाम स्वरूप बीते रोज अपहत बालक के संबंध में जानकारी मिलने पर कैंट थाना पुलिस ने तत्परता से कार्यवाही करते हुए अपहत बालक को सकुशल दस्तयाब कर लिया गया एवं विधिवत कार्यवाही उपरांत बालक को बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया जहां से बाल कल्याण समिति अध्यक्ष डॉ. नीरू शर्मा व समिति द्वारा कार्यवाही करते हुए बालक को उसके परिजनों को सौंप दिया है।

### डूबने से 13 वर्षीय बालक की मौत

*गुना। चांचौड़ा थाना अंतर्गत पार्वती नदी में डूबने से एक 13 वर्षीय बालक की मौत हो गई। नहाने के दौरान गहरे पानी में डूबने से ये हादसा हुआ। मौके पर पहुंची एसडीईआरएफ की टीम ने नदी में सर्चिंग कर शव को बाहर निकाला। फिलहाल चांचौड़ा में शव का पोस्टमार्टम किया जा रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पूरा घटनाक्रम बापचा विक्रम गांव का है, जहां 13 वर्षीय बालक काना गांव के कुछ बच्चों के साथ शुक्रवार शाम को नदी में नहाने गया था। बताया जाता है कि उसे तैरना आता था, लेकिन नहाने के दौरान गहरे पानी में जाने से वह डूब गया।*

## विवेकानंद एकेडमी के खिलाड़ियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**ब्यावरा।** राज्य स्तरीय गतका मार्शल आर्ट्स प्रतियोगिता 4 से 8 अक्टूबर तक भोपाल में आयोजित हुई। जिसमें विवेकानंद एकेडमी सीनियर सेकंडरी स्कूल ब्यावरा के 3 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें सचिन दांगी पिता लक्ष्मीनारायण ने रजत पदक, अर्शिता दांगी पिता मोहन ने कांस्य पदक जीता और अभिषेक दांगी पिता जगदीश ने सहभागिता की। इस अवसर पर विद्यालय संचालक शिवम चंद्रवंशी, संस्था प्राचार्या अंकिता गुप्ता, कोच धर्मराज दांगी, समस्त विद्यालय परिवार व ईष्टमित्रों आदि ने बधाई व शुभकामनाएं दीं। हम सभी खिलाड़ियों के उज्वल भविष्य कि कामना करते हैं और भविष्य में आने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं में खिलाड़ी अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन करें ऐसी कामना करते हैं।

# वृद्ध महिला की हत्या के 12 दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली



**माचलपुर।** नगर के लोधा मोहल्ला की निवासी वृद्ध लकवा ग्रस्त महिला सरदार बाई की हत्या 30 सितंबर की रात्रि को घर में रखे फावड़े से वार कर दी गई। थी जिसके बारह दिनों के बाद भी पुलिस के हाथ कोई सुराग नहीं लगा है, जिसके चलते मोहल्ले वा नगर के लोगो में भय का माहौल है। पुलिस अनेक लोगों से अलग अलग पूछताछ कर चुकी है। फिर भी उनके हाथ कोई अहम सुराग अभी तक नही लगा है। घटना के बाद डाग स्क्वायड एफएसएल टीम, एसडीओपी एडिशनल एसपी घटना स्थल पर पहुंचे थे। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी अमित तोलानी ने विशेष रूप से कालीपीठ थाना प्रभारी जितेन्द्र अजनारे को भी माचलपुर भेजा है जो अपने सायबर सेल के क्षेत्र के अनुभव को लेकर इस हत्या के केस को सुलझाने में लगे हैं। अब देखना है यह हत्या का दोषी पुलिस के हत्थे चढ़ते हैं या यह एक अनसुलझी पहेली ही बनकर रह जायेगा।

### इनका कहना है...

जो भी जानकारी प्राप्त हो रही हैं उनकी सूक्ष्मता से जांच की जा रही है। किसी भी पहलू को अनदेखा नहीं किया जा रहा है। भविष्य में सफलता मिलने के आसार हैं।

धर्मवीर सिंह नागर, एसडीओपी खिलचीपुर

## नगर परिषद द्वारा 103 सूअरों को नगर से बाहर भेजा गया

बचे हुए भी जल्दी होंगे जिले से बाहर



**जीरापुर।** कलेक्टर के आदेश एवं अनुविभागीय अधिकारी के निर्देश पर नगर परिषद द्वारा नगर क्षेत्र में कर रहे सुअर विचरण को लेकर सुअरों को बाहर करने की कार्रवाई की गई। गौरतलब है कि नगर में सुअरों के विचरण करने से नागरिकों को आए दिन परेशानी का सामना करना पड़ता है। वहीं नगरीय क्षेत्र के पास की कृषि भूमि पर सुअर फसलों को नुकसान करते रहते हैं। ऐसे में नगर परिषद ने सुअरों को बाहर भिजवाने की कार्रवाई की। नगर परिषद सीएमओ हरिओम शर्मा एवं अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह के नेतृत्व में कमल झावा द्वारा टीम बनाकर नगर के विभिन्न वार्डों में अभियान चलाकर नगर के सुअरों को एक जगह एकत्रित किए जिनकी संख्या 103 सुअरों को नगर सीमा के बाहर भेजा।

स्वास्थ्य विभाग की मिलीभगत या लापरवाही

# शासन के आदेशों की धज्जियां उड़ा रहे मेडिकल संचालक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा में कफ सिरप से बच्चों की मौत के बाद मध्य प्रदेश शासन स्वास्थ्य विभाग हरकत में आया और शासन की और से स्पष्ट निर्देश जारी किए की दवाई गोली बेचने पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इतना ही नहीं शासन की और से प्रदेश के सभी मेडिकल संचालकों को शासन के नियम के अनुसार रिकॉर्ड के साथ दवाई गोली बेचने वाला फॉर्म लिस्ट होना चाहिए। अगर किसी मेडिकल पर फॉर्म लिस्ट नहीं तो उसके खिलाफ सख्त से शक्त कार्यवाही की जाएगी। इतना ही नहीं बिना फार्मेसी के दवाई गोली बेचने वाले पर जुर्माना के साथ सजा का प्रावधान भी किया है।



लेकिन सारंगपुर में मध्य प्रदेश शासन के आदेश का कोई असर दिखाई नहीं दे रहा है। नगर में दवा विक्रय से जुड़े नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। शासन के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद कई मेडिकल संचालक बिना पंजीकृत फार्मासिस्ट के माध्यम से दवाइयों की बिक्री कर रहे हैं। इतना ही नहीं, कुछ मेडिकल दुकानदार झोलाछाप चिकित्सकों और असंगठित लोगों के हाथों दवाइयां बिकवाने में भी संलिप्त हैं। जानकारों के अनुसार यह न केवल दवा नियंत्रण अधिनियम का उल्लंघन है बल्कि आम नागरिकों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा भी है। ड्रग इंस्पेक्टर द्वारा जांच के बाद भी कार्रवाई केवल कागजों तक सीमित रही, जिससे ऐसे मेडिकल संचालकों के हौसले बुलंद हैं। स्थानीय नागरिकों ने जिला स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन से मांग की है कि बिना पंजीकृत फार्मासिस्ट के संचालन करने वाले मेडिकल स्टोर्स पर तत्काल सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि अनियमित दवा बिक्री पर अंकुश लगाया जा सके। और लोगों के जीवन की सुरक्षा हो सके।

## सितंबर में सेवानिवृत्त हुए अधिकारियों और कर्मचारियों का हुआ सम्मान



**सारंगपुर।** संचालक पेंशन एवं भविष्य निधि भोपाल के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों के लंबित पेंशन प्रकरणों का त्वरित निराकरण किया गया। इसी क्रम में सितंबर 2025 में सेवानिवृत्त हुए 29 शासकीय सेवकों के पेंशन प्रकरणों का निराकरण जिला पेंशन अधिकारी संदीप दुबे द्वारा किया गया, जिनके पीपीओ तैयार कर वितरित किए गए। शुक्रवार को कलेक्टर सभाकक्ष में आयोजित सम्मान एवं पीपीओ वितरण कार्यक्रम में अपर कलेक्टर प्रताप सिंह चैहान, संयुक्त कलेक्टर वीरेन्द्र सिंह दांगी, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) निधि भारद्वाज एवं डिप्टी कलेक्टर ज्योति राजोरा की उपस्थिति में सेवानिवृत्त कर्मचारियों को शाल, श्रीफल एवं पीपीओ प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में माह सितंबर में सेवा निवृत्त हुए सभी 29 शासकीय सेवकों को सम्मानित किया गया, जिनमें अनुराधा अशोक भरथरे (सारंगपुर) सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल रहे। इस अवसर पर अधिकारियों ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट सेवाकाल के लिए शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में जिला पेंशन कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी एवं सेवानिवृत्त अधिकारीगण उपस्थित रहे।